तापमान

अधिकतम 33.2 डिग्री

न्यूनतम 18.2 डिग्री

हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 12 मार्च 2026

[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

4

स्वच्छ भारत मिशन को जनआंदोलन बनाने की पहल, चला रहे अभियान




## खबर संक्षेप

### पति की पिटाई से गंभीर महिला की गई जान

**अम्बिकापुर।** चलगली थाना अंतर्गत ग्राम शारदापुर निवासी सुशीला पति रामाधार (37 वर्ष) शराब पीने की आदि थी। महिला अक्सर घर में रखे धान व चावल को बेचकर शराब पीती थी और कभी एक सप्ताह तो कभी चार दिन बाद घर आती थी। पत्नी के आए दिन नशे में धुत रहने तथा घर के सामान को बेच देने से पति काफी परेशान था। 8 मार्च को पत्नी नशे की हालत में घर और भोजन कर सो गई। दोपहर लगभग 3.30 बजे उठकर पड़ोसी के घर चली गई। इसी पति भी उसके पीछे गया और पत्नी को आए दिन शराब पीने से मना किया तो पत्नी विवाद करने लगी। जिस पर पति ने गुस्से में पत्थर से पत्नी पर वार कर दिया जिससे महिला बेहोश हो गई। इधर पति घर आया और घटना जानकारी परिजन को दी। परिजन महिला को अचेत हालत में वाड्रफनगर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### युवकों ने महिला व उसके पति के साथ किया मारपीट

**अम्बिकापुर।** घर के सामने गाली गलौज करने से मना करने पर युवकों ने महिला व उसके पति सहित परिवार के लोगों के साथ जमकर मारपीट की। बबीता सूर्यवंशी पति नितेश कुमार (30 वर्ष) होली की शाम परिवार के साथ होली खेल रही थी। इसी दौरान पड़ोसी राजेश्वर उर्फ ललुआ, प्रदीप, सागर सहित अन्य युवक उसके घर के सामने गाली-गलौज करने लगे। जिस पर महिला ने गाली गलौज करने से मना किया तो युवकों ने मारपीट करना शुरू कर दिया। घटना को देख जब पति व बहन के साथ बीच बचाव करने लगे तो उसके साथ भी मारपीट किया। पीड़िता ने घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) का अपराध दर्ज किया है।

### बीच बचाव करने पर युवक से मारपीट अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** रिश्तेदार के साथ युवकों द्वारा मारपीट करने पर जब युवक ने बीच बचाव किया तो युवकों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी। रितिक मिंज आ. ललीत मिंज (22 वर्ष) ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि होली की शाम घर के सामने फुफा टेबुल साय से गाड़ी चलाने की बात को लेकर आकाश एवं अभिषेक गाली गलौज करते हुए मारपीट कर रहे थे। घर के सामने शोर सुनकर बाहर निकाला और बहन के साथ्र बीच बचाव करने लगा जिससे नाराज होकर दोनों ने गाली गलौज कर मारपीट करना शुरू कर दिया। मारपीट चोट आने से निजी अस्पताल में उपचार कराया तथा उपचार के बाद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।

### पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों की टीम ने की सड़क जांच

**मानीचौक।** सलका रजवारी पारा से रेड नदी तक निर्माणाधीन पक्की सड़क निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान नहीं देने तथा ग्रामीणों द्वारा घटिया सामग्री के उपयोग करने के आरोप और काम बंद कराने पर आज पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों की टीम ने सड़क की गुणवत्ता की जांच की। साथ ही ठेकेदार को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ एस.के मिश्रा, इंजिनियर कंचन मंडल अपनी टीम के साथ मौके पहुंच संबंधित ठेकेदार व ग्रामीणों के बीच सड़क की गुणवत्ता का जांच की। जिसमे पक्की सड़क बनने के लिए तैयार किया गया बेस की खुदाई कर जांच किया जो मापन अनुसार सही पाया गया। ग्रामीणों का आरोप था सड़क की साइड सोल्डर जिसको जांच टीम ने ठेकेदार को फटकार लगाते हुए जितने दूर तक खराब व अधिक ढाल बनाया गया है ।

# गर्मी में सतर्क रहें, लू से बचें, स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में बढ़ते तापमान और गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.जीएस जात्रा ने आम नागरिकों से अपील की है कि गर्मी के मौसम में विशेष सावधानी बरतें, क्योंकि लू लगने से स्वास्थ्य पर गंभीर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार गर्मी बढ़ने के साथ लू लगने की घटनाओं की आशंका भी बढ़ जाती है। सीएमएचओ ने बताया कि लू लगने पर सिर में भारीपन और दर्द, तेज बुखार, मुंह सूखना, चक्कर आना, उल्टी होना, कमजोरी और शरीर दर्द, शरीर का तापमान बढ़ने के बावजूद पसीना न आना, अत्यधिक प्यास लगना, पेशाब कम होना, भूख न लगना तथा बेहोशी जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं।

■ लोगों से सावधानी बरतने की अपील



सीएमएचओ ने बताया कि बहुत आवश्यक न हो तो लोग दोपहर के समय घर से बाहर न निकलें। धूप में जाने से पहले सिर और कान को कपड़े से अच्छी तरह ढंक लें। पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें, लंबे समय तक धूप में न रहें और मुलायम, हल्के व सूती कपड़े पहनें, ताकि शरीर को ठंडक मिलती रहे। अधिक पसीना आने पर ओआरएस घोल पीना लाभकारी है। चक्कर या उल्टी आने की स्थिति में छायादार स्थान पर आराम करें और शीतल पेयजल, लस्सी, मठा अथवा फलों का रस लें। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक सलाह के लिए 104 आरोग्य सेवा केंद्र से निःशुल्क परामर्श लिया जा सकता है। यदि तेज बुखार, उल्टी या सिरदर्द जैसी स्थिति बने तो तुरंत नजदीकी अस्पताल या स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करना चाहिए।

#### क्या न करें

स्वास्थ्य विभाग ने यह भी सलाह दी है कि धूप में नंगे पांव बाहर न निकलें, दोपहर के समय भोजन पकाने से बचें तथा शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड शीतल पेयों का सेवन कम करें, क्योंकि ये शरीर को निर्जलित करते हैं। अधिक प्रोटीन युक्त भोजन से भी परहेज करने की सलाह दी गई है।

**लू लगने पर किया जाने वाला प्रारंभिक उपचारः** लू लगने की स्थिति में प्रारंभिक उपचार के तौर पर पीड़ित व्यक्ति को ठंडी और छायादार जगह पर लिटाना चाहिए। उसके सिर पर ठंडे पानी की पट्टी रखनी चाहिए तथा शरीर पर ठंडे पानी का छिड़काव करते रहना चाहिए। कच्चे आम का पना, जलजीरा अथवा तरल पदार्थ देने चाहिए। साथ ही पीड़ित को शीघ्र ही नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाना चाहिए। ओआरएस के पैकेट के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन या एएनएम से संपर्क किया जा सकता है।

**क्या करें :** सीएमएचओ ने बताया कि गर्मी से बचाव के लिए पर्याप्त पानी पीना जरूरी है, भले ही प्यास न लगे। हालांकि जिन लोगों को मिर्गी, हृदय, गुर्दे या लीवर संबंधी बीमारी हो तथा जिन्हें तरल सेवन सीमित रखने की सलाह दी गई हो, वे तरल मात्रा बढ़ाने से पहले डॉक्टर से परामर्श लें। ओआरएस, छाछ, लस्सी, नींबू पानी जैसे घरेलू पेय पदार्थों का सेवन शरीर को हाइड्रेटेड रखने में सहायक है। स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे खुद भी सावधानी बरतें और बच्चों, बुजुर्गों तथा बीमार व्यक्तियों का विशेष ध्यान रखें, ताकि लू से बचाव संभव हो सके।

## सोने-चांदी के जेवर बरामद, लोहे की रॉड जब्त

# सूने मकान में चोरी, चोर-खरीददार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कुनकुरी के रेमते रोड मोहल्ले में सूने मकान में हुई चोरी के मामले का जशपुर पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने चोरी करने वाले आरोपी के साथ-साथ चोरी का सामान खरीदने वाले व्यक्ति को भी गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार यह मामला कुनकुरी थाना क्षेत्र के रेमते रोड मोहल्ले का है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए सोने के कान के टॉप्स, चांदी की पायल, पांच नग चांदी की साठी (पैर में पहनने वाले आभूषण) सहित अन्य सामान बरामद किया है। इसके अलावा घर का ताला और आलमारी तोड़ने में इस्तेमाल की गई लोहे की रॉड भी जब्त की गई है।

■ दोनों आरोपियों को भेजा गया जेल

पुलिस ने इस मामले में साहिल चौहान उर्फ मंटू उम्र 22 वर्ष , निवासी तुरी बस्ती, कुनकुरी और दिवाकर ताम्रकार उम्र 28 वर्ष, निवासी बजरंग नगर, कुनकुरी को गिरफ्तार किया है। इनके विरुद्ध थाना कुनकुरी में बीएनएस की धारा 331(4), 305(क) और 317(2) के तहत अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 9 मार्च को रेमते रोड निवासी राकेश कुमार साव उम्र 38 वर्ष ने थाना कुनकुरी में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि




उनके बड़े पिता रामबिलास प्रसाद के मकान की देखरेख की जिम्मेदारी उन्हें दी गई थी। रामबिलास प्रसाद अपनी पत्नी के इलाज के लिए पिछले लगभग छह माह से रांची में रह रहे थे। इसी बीच 19 जनवरी को उनकी बड़ी मां का निधन हो गया था, जिसके कारण राकेश साव भी क्रियाकर्म में शामिल होने रांची चले गए थे। जब वे 9 मार्च को वापस कुनकुरी लौटे तो देखा कि मकान का ताला टूटा हुआ है और अंदर आलमारी खुली पड़ी है तथा सामान बिखरा हुआ है। फोन पर जानकारी देने पर रामबिलास प्रसाद ने बताया कि आलमारी में रखे सोने के कान के टॉप्स, चांदी की पायल, पांच नग चांदी की साठी और करीब 1500 रुपये नकद गायब हैं। इसके बाद थाना कुनकुरी में मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की।

#### मुखबिर की सूचना से पुलिस तक पहुंचा आरोपी

जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के संदिग्ध लोगों से पूछताछ शुरू की और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। इसी दौरान सूचना मिली कि साहिल चौहान उर्फ मंटू अचानक अधिक पैसे खर्च कर रहा है।

#### पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की

शुरुआत में वह पुलिस को गुमराह करता रहा, लेकिन सख्ती से पूछताछ करने पर उसने चोरी करना स्वीकार कर लिया। आरोपी ने बताया कि उसने ही रामबिलास प्रसाद के घर का ताला तोड़कर चोरी की थी और चोरी किए गए जेवर दिवाकर ताम्रकार को 20 हजार रुपये में बेच दिए थे।

#### खरीदार से भी बरामद हुआ चोरी का सामान

पुलिस ने खरीदार दिवाकर ताम्रकार को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की। उसके कब्जे से चोरी किए गए सोने-चांदी के सभी आभूषण बरामद कर लिए गए। वहीं आरोपी साहिल की निशानदेही पर चोरी में इस्तेमाल की गई लोहे की रॉड भी जब्त की गई। अपराध स्वीकार करने और पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।

#### पुलिस टीम की रही अहम भूमिका

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कुनकुरी निरीक्षक राकेश कुमार यादव, सहायक उपनिरीक्षक ईश्वर वारले, प्रधान आरक्षक ढलेश्वर यादव, नंदलाल यादव और लियोन कुजूर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# मितानिनों को नहीं मिला वेतन मिंज ने सरकार को घेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कांग्रेस जिलाध्यक्ष यूडी मिंज ने मितानिन कार्यक्रम के तहत कार्यरत मॉनिटरिंग स्टाफ को पिछले पांच महीनों से वेतन न मिलने पर साय सरकार के खिलाफ तीखा मोर्चा खोल दिया है।



उन्होंने सरकार की कार्यप्रणाली पर गहरा कटाक्ष करते हुए कहा कि यह बेहद शर्मनाक स्थिति है कि प्रदेश की बहनें दिवाली और होली जैसे बड़े त्योहार बिना वेतन के मनाने को मजबूर हुईं, जबकि सरकार विज्ञापनों के जरिए सुशासन का केवल खोखला ढिंढोरा पीट रही है। मिंज ने अधिकारियों की संवेदनहीनता पर भी कड़ा ऐतराज जताया। उनके अनुसार, जब महिला कर्मचारी अपना हक मांगने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के दफ्तर पहुंचीं, तो अधिकारियों का व्यवहार अत्यंत गैर-जिम्मेदाराना रहा, जो भाजपा के महिला सम्मान के दावों की पोल खोलता है। मिंज ने तकनीकी कारणों का हवाला देकर वेतन रोकने की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए पूछा कि जब नेताओं के वेतन-भत्ते बढ़ाने होते हैं, तब ऐसी कोई दिक्कत क्यों नहीं आती। उन्होंने स्पष्ट किया कि 700 से अधिक मॉनिटरिंग स्टाफ की सैलरी को किसी निजी संस्था के भरोसे छोड़कर सरकार अपनी जिम्मेदारी से पल्ला नहीं झाड़ सकती। एक तरफ मुख्यमंत्री 'महतारी वंदन' की बात करते हैं, तो दूसरी तरफ रात-दिन सेवा देने वाली मितानिन प्रशिक्षकों और समन्वयकों को सड़क पर बैठने के लिए विवश किया जा रहा है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने चेतावनी दी है कि यदि आगामी मंगलवार तक पांच माह का रुका हुआ वेतन एकमुश्त जारी नहीं किया गया और बदतमीजी करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो कांग्रेस पार्टी उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी। उन्होंने यह मांग भी रखी कि वेतन भुगतान की पूरी प्रक्रिया को निजी संस्था से हटाकर पूर्णतः सरकारी या एनएचएम के अधीन किया जाए।

# बच्चा चोर समझकर ऑटो चालक को पेड़ से बांधकर पीटा

**सूरजपुर।** जिले में बच्चा चोरी की शक पर एक ऑटो चालक को पेड़ से बांधकर बेदम पिटाई करने का मामला सामने आया है। ऑटो चालक के साथ मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया में भी वायरल हो रहा है। लोगों ने ऑटो चालक की पिटाई करने के बाद पुलिस को इसकी सूचना दी। बड़ी बात यह है कि अब तक इस मामले में किसी भी पक्ष की ओर से लिखित शिकायत नहीं की गई है। पुलिस अधिकारी शिकायत मिलने के बाद कार्रवाई की बात कर रहे है।

■ रास्ता चलते छात्रा को किया था वाहन में बैठाने का प्रयास, घटना का वीडियो वायरल

बता दें कि मंगलवार को सोशल मीडिया में एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है जिसमें कुछ लोग एक व्यक्ति को पेड़ से बांधकर डंडे और चप्पल से पिटाई कर रहे है। यह वीडियों रिंग रोड स्थित परशुराम मंदिर के समीप का बताया जा रहा है। वायरल वीडियो को लेकर अब तक जो जानकारी सामने आई है उसके अनुसार एक नाबालिग छात्रा पैदल स्कूल जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में एक ऑटो चालक ने छात्रा से बातचीत की कोशिश की और उसे अपनी ऑटो में बैठाकर स्कूल छोड़ने की बात कही जिससे घबराकर छात्रा वहां से भागकर पास में मौजूद एक परिचित महिला के पास पहुंच गई। महिला ने तुरंत छात्रा की मां को फोन कर घटना की जानकारी दी। कुछ ही देर में छात्रा की मां मौके पर पहुंची और बेटी को लेकर घर लौटने लगी। इस दौरान परशुराम मंदिर के पास वही ऑटो खड़ी दिखाई दी, ऑटो को देखते ही छात्रा की मां ने शोर मचाया, जिसके बाद आसपास मौजूद लोगों की भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई। भीड़ ने बच्चा चोरी की आशंका जताते हुए ऑटो चालक को पकड़ लिया और पास के एक पेड़ से बांध दिया और उसकी डंडे, चप्पल से बेदम पिटाई कर दी गई।

### पिकअप की टक्कर से 5 वर्षीय मासूम की मौत, आरोपी चालक गिरफ्तार

**रामानुजगंज।** शहर में मंगलवार दोपहर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में 5 वर्षीय मासूम की मौत हो गई। शिव चर्चा भवन के पास बस स्टैंड जाने वाली सड़क पर तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से गंभीर रूप से घायल बच्चे ने इलाज के दौरान रास्ते में दम तोड़ दिया।जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे बस स्टैंड की ओर से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने सड़क किनारे मौजूद 5 वर्षीय बच्चे को टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पिकअप की रफ्तार काफी तेज थी और बच्चा सड़क के किनारे था, इसके बावजूद वाहन चालक ने उसे टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि वार्ड क्रमांक 3 निवासी लक्ष्मण सोनी आ. गणेश सोनी (5 वर्ष) नदी से नहाकर अपने घर जा रहा था। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तत्काल 100 बिस्तर अस्पताल पहुंचाया गया। जांच के दौरान डॉक्टरों ने बच्चे के सिर में गंभीर चोट पाई। हालत गंभीर होने पर उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर किया गया, जहां से स्थिति नाजुक होने पर बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर भेज दिया गया।

# स्व सहायता समूह से जुड़कर कांसाबेल की महिलाओं ने स्वरोजगार की राह अपनाई

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन दृ बिहान योजना के तहत जशपुर जिले की ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भरता की मिसाल गढ़ रही हैं। कांसाबेल विकासखंड के ग्राम सेम्हर कछार की हरियाली स्वसहायता समूह की 11 महिलाओं ने छिंद कासा से आकर्षक टोकरी और अन्य पारंपरिक हस्तशिल्प उत्पाद तैयार कर अपनी आजीविका को मजबूत किया है।

समूह की सदस्य श्रीमती बालमुनि भगत ने बताया कि बिहान योजना से जुड़ने के बाद उन्हें स्वरोजगार का अवसर मिला। पहले महिलाएं केवल घरेलू कामकाज तक सीमित थीं, लेकिन अब वे अच्छी कमाई कर रही हैं। यह कार्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ आत्मविश्वास भी दे रहा है। महिलाओं ने बताया कि बिहान योजना ने उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। समूह के माध्यम से प्रशिक्षण, सहयोग और विपणन सुविधा मिलने से उनका उत्पाद अब स्थानीय हाट-बाजार और मेलों में लोकप्रिय हो चुका है।



महिलाएं कहती हैं कि अब वे सिर्फ घर तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि अपनी पहचान खुद बना रही हैं। समूह की दीदियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं से हम सशक्त और आत्मनिर्भर हो रहे हैं।

## जगद्गुरु नरेंद्राचार्य महाराज के आगमन की तैयारी

# जून में होगा संत सनातन संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



■ कल्याण आश्रम में 13 को बैठक लेंगे वरिष्ठ भाजपा नेता सच्चिदानंद

जगद्गुरु श्रीमद रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य महाराज का जशपुर की धरा पर आगामी 20 जून 2026 को आगमन होने जा रहा है। इस एक दिवसीय कार्यक्रम में महाराज श्री के सान्निध्य में प्रवचन, दर्शन, समस्या मार्गदर्शन एवं दीक्षा समारोह संपन्न होगा।

इस ऐतिहासिक आध्यात्मिक समागम की तैयारी और जन-सहयोग सुनिश्चित करने हेतु आगामी 13 मार्च 2026 को सायं 5:00 बजे जशपुर के अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम' के सभाभवन में एक आवश्यक बैठक आहूत की गई है।

#### सचिदानंद उपासने की अध्यक्षता में होगी बैठक

इस महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता एवं मार्गदर्शन हेतु सच्चिदानंद उपासने, वरिष्ठ नेता - भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष - लोकतंत्र सेनानी संघ एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष - लोकतंत्र प्रहरी विशेष रूप से जशपुर पहुंचेंगे और बैठक लेंगे। बैठक में आयोजन की सफलता हेतु विभिन्न समितियों के गठन एवं कार्ययोजना पर विस्तृत विचार-विमर्श किया जाएगा।

#### विश्व स्तरीय सेवा कार्यों का संगम

जगद्गुरु श्री के मार्गदर्शन में 'जनमान संस्थान' द्वारा संचालित मानवीय प्रकल्पों ने कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं:

- रक्तदान महाकुंभः जनवरी 2026 में मात्र 15 दिनों के भीतर 1,71,150 यूनिट रक्तदान का विश्व रिकॉर्ड।
- सामाजिक सेवाः 1.54 लाख से अधिक परिवारों की घर-वापसी एवं राष्ट्रीय राजमार्गों पर निरंतर निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा।
- शिक्षा एवं सहायताः निर्धन बच्चों को स्नातक तक निःशुल्क शिक्षा एवं प्राकृतिक आपदाओं में त्वरित सहायता कार्य।

#### तुम जिओ, दूसरे को जीने दो का आध्यात्मिक संदेश

तुम जियो, दूसरों को जीवन दोस्महाराज श्री का दिव्य मंत्र "ॐ नरेन्द्रनाथाय नमः" और उनके द्वारा प्रतिपादित 'प्रपंच और परमार्थ' के संतुलन का सूत्र आज लाखों लोगों के जीवन का आधार बना हुआ है। उनके सान्निध्य से भक्तों में सात्विकता और आत्मबल का संचार होता है।

### महावीर मंदिर में रामनवमीं पूजा समिति का गठन

**जशपुरनगर।** मंगलवार को शहर के बस स्टैंड के समीप स्थित महावीर मंदिर परिसर में आगामी रामनवमी पर्व की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर के गणमान्य नागरिकों एवं श्रद्धालुओं की उपस्थिति में रामनवमी पूजा समिति के गठन को लेकर प्रस्ताव पारित किया गया तथा सर्वसम्मति से समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का चयन किया गया। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी किशोरी प्रसाद गुप्ता ने की। बैठक में रामनवमी को भव्य एवं सुव्यवस्थित तरीके से मनाने के लिए विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई और आयोजन की रूपरेखा तय की गई। सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव के अनुसार संदीप गुप्ता (बबला) को रामनवमी पूजा समिति का अध्यक्ष चुना गया। वहीं समिति के संरक्षक के रूप में कुमार विजय आदित्य सिंह जूदेव का नाम सर्वसम्मति से तय किया गया।इसके साथ ही समिति के उप संरक्षक के रूप में शंकर गुप्ता, सत्यनारायण सोनी, तारो सिंह, प्रमोद गुप्ता एवं कृष्ण कुमार गुप्ता को जिम्मेदारी सौंपी गई।उपाध्यक्ष पद के लिए योगेश सिन्हा (पप्पू), नितिश सहाय, आर्यन सोनी एवं जयंत सोनी का चयन किया गया।समिति के मंत्री पद के लिए राजा सोनी, प्रकाश नायक एवं शिवम नायक के नाम पर सहमति बनी। मीडिया प्रभारी के रूप में जय प्रकाश र वानी (गुन्नू), आकाश सोनी एवं अमित सोनी को जिम्मेदारी दी गई।आर्थिक व्यवस्था को देखते हुए कोषाध्यक्ष के रूप में सुभाष सोनी एवं अजय गुप्ता का चयन किया गया।

### पांडेय की मूर्ति के सौंदर्यीकरण के लिए भूमिपूजन

**जशपुरनगर।** नगरपालिका में स्थित बालासाहेब देशपांडे की स्टेचू गार्डन की सौंदर्यीकरण के लिए विधायक निधि 7.50 लाख की राशि से सौंदर्यीकरण मरम्मत के लिए नगरपालिका अध्यक्ष अरविंद् भगत ने कल्याण आश्रम के प्रतिनिधियों नगरपालिका के पार्षदों के साथ भूमिपूजन का कार्यक्रम संपन्न किए। विधायक रायमुनि भगत के विधायक निधि से बालासाहेब देशपांडे के साथ अंबेडकर चौक सौंदर्यीकरण के लिए 15 लाख की राशि स्वीकृत की थी ,कलेक्टर रोहित व्यास ने शहर भ्रमण के दौरान दोनों चौक के सौंदर्यीकरण के लिए नगरपालिका के मुख्य नगरपालिका अधिकारी योगेश्वर उपाध्याय को निर्देश दिए थे।



**इनकी रही उपस्थितिः** भूमि पूजन से अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष अरविंद भगत अखिल भारतीय कल्याण आश्रम से श्रीपाद राष्ट्रीय कार्यालय, प्रमुख प्रांत संगठन मंत्री महेश्वर राम, प्रांत सह सचिव वासुदेव गुरुजी, पार्षद सुधीर पाठक,द्वारिका मिश्रा, कंचन बैरागी, सुधीर भगत, विजेता भगत, शैलेंद्री यादव, विनोद निकुंज मैनेजर राम, शशि बाई, मुख्य नगरपालिका अधिकारी योगेश्वर उपाध्याय, कैलाश खरोले, शुभेंदु श्रीवास्तव, नवीन तिवारी, उपअभियंता राजा सोनी, दीपक गुप्ता, दिनेश बड़ाईक, मुकेश सोनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष संतन भगत, सत्येंद्र मिश्रा, भोला यादव, दिनेश सिह, सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### मतदाता सूची पुनरीक्षण में जिले की उत्कृष्ट उपलब्धि

**सूरजपुर।** फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत अर्हता तिथि 1 जनवरी के संदर्भ में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी को किया गया। इस संपूर्ण प्रक्रिया में जिले ने एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों से मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के उपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष एक भी अपील प्राप्त नहीं हुई, जिसकी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष सराहना की गई है। अंतिम प्रकाशन के उपरांत मतदाता सूची सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को निशुल्क उपलब्ध कराई गई तथा आम नागरिकों के अवलोकन हेतु समस्त मतदान केंद्रों एवं जिले की आधिकारिक वेबसाइट पर भी प्रकाशित की गई। कैटेगरी-सी अंतर्गत जिन मतदाताओं को सुनवाई हेतु नोटिस जारी किए गए थे, उन सभी की सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के माध्यम से विधिवत सुनवाई की गई। इस प्रक्रिया में अपात्र पाए गए मतदाताओं के नाम नियमानुसार मतदाता सूची से विलोपित किए गए। साथ ही जो मतदाता इस कार्रवाई से संतुष्ट नहीं थे, उन्हें जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष 15 दिन के भीतर अपील प्रस्तुत करने अवसर प्रदान किया गया था।

### डीलिस्टिंग महारैली की तैयारी को लेकर हुई मंच की बैठक



**अम्बिकापुर।** जनजाति सुरक्षा मंच ने चलो दिल्ली अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से उरांव सामाजिक भवन पटेलपारा में समीक्षा बैठक की। बैठक में अभियान तेज करने डीलिस्टिंग कानून को लेकर समाज में जागरूकता लाने एवं जनसंपर्क बढ़ाने का आह्वान कर महारैली को सफल बनाने की रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में बीरबल सिंह ने कहा कि धर्मांतरण के कारण जनजातीय समाज की मूल पहचान, परंपरा और अधिकारों पर संकट उत्पन्न हो रहा है। इसलिए डीलिस्टिंग कानून बनाना समय की मांग है। जनजातीय गर्जना महारैली इस विषय को राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी ढंग से उठाने का महत्वपूर्ण अवसर है। प्रांत सह संयोजक इन्दर भगत ने कहा कि अभियान को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक लोगों से संपर्क करना आवश्यक है। गांव-गांव और टोला-टोला जाकर समाज के प्रत्येक परिवार से संपर्क करें उन्हें दिल्ली महारैली में शामिल होने के लिए प्रेरित करें। बैठक में निर्णय लिया गया कि आने वाले दिनों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को जोड़ा जाएगा। इस दौरान जिला संयोजक बिहारी लाल उरांव, मानकेश्वर भगत, गिरधर भगत, पुष्पा प्रधान, तिलक राम, बालमुनि प्रधान, उमाशंकर खलखो, पावन पूर्णाहूति भगत, मानसून भगत, सुरेन्द्र भगत, सचिन भगत, रामबिहारी सिंह सहित बड़ी संख्या में जनजाति सुरक्षा मंच के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पैदल चल रहे युवक को कार ने मारी टक्कर, मौत

**अंबिकापुर।** मंगलवार की सुबह 11 बजे लुंड्रा क्षेत्र के ग्राम महोरा निवासी 24 वर्षीय सुबोध अपने खेत में पानी डालने के लिए घर से निकला था। इस दौरान लुंड्रा की ओर से बगीचा की तरफ जा रही अल्टो कार क्रमांक सीजी 10 के 3366 ने तेज रफ्तार में सुबोध को टक्कर मार दी। कार की टक्कर से सुबोध उछलकर दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना में कार भी क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना डायल 112 को इसकी सूचना दी। सूचना के बाद घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है इसके साथ ही मामले की जांच की जा रही है।

### सेवानिवृत्त कॉलरी कर्मी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बिश्रामपुर।** सेवानिवृत्त कॉलरी कर्मी ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि कुंजनगर अवराडुग्गू निवासी सेवानिवृत्त कॉलरी कर्मी 65 वर्षीय विचार दास पिता भीख दास ने अज्ञात कारणों से घर के आंगन में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा व पीएम कराने उपरांत शव को परिजन के सुपुर्द कर मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

### 4 किलो गांजा के साथ दो तस्करों को पुलिस ने पकड़ा

**अकलतरा।** चार किलो गांजा के साथ दो तस्करों को पकड़ा है। साथ ही उनके कब्जे से दो लाख रुपए कीमती गांजा बरामद किया गया है। मामला अकलतरा थाना क्षेत्र का है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार 8 मार्च को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति रेलवे स्टेशन के पास एक काले रंग के बैग में भारी मात्रा में गांजा लेकर खड़े हैं। सूचना मिलते ही थाना अकलतरा पुलिस ने रेलवे सुरक्षा बल के साथ मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। घेराबंदी के दौरान पुलिस ने दो संदिग्ध युवकों को पकड़ा। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम तरुण सेन पिता अशोक सेन निवासी ग्राम गरियाबंद रावणभाठा थाना व जिला गरियाबंद तथा प्रतीक मिश्रा पिता सोमनाथ मिश्रा निवासी बिरगांव थाना उरला जिला रायपुर बताया। पुलिस द्वारा बैग की तलाशी लेने पर उसमें चार पैकेट में रखा कुल 4 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वे गांजा उड़ीसा के बेलपहाड़ से लाकर छत्तीसगढ़ में बेचने के लिए ला रहे थे।

## शादी विवाह के इस सीजन में बढ़ी किसानों की परेशानी

# सहकारी बैंक से किसानों को पूरा पैसा नहीं मिलने से लगाना पड़ रहा चक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर



बैंक के सामने किसानों की भीड़।

**खास बात**

- रुपए निकालने बैंकों में हर रोज उमड़ रही लोगों की भीड़

शादी विवाह के इस सीजन में जहां लोगों को पैसा की आवश्यकता अधिक होती है। ऐसे में बैंकों में जमा राशि के नहीं मिलने पर खाताधारकों को किस तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है यह आसानी से समझा जा सकता है। कुछ इस तरह की स्थिति जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा लखनपुर की है जहां हर रोज बड़ी संख्या में खाता धारक रुपए निकालने बैंक आते है। हैरानी की बात तो यह है कि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की लखनपुर शाखा में नकदी की कमी और एटीएम खराब होने के कारण किसानों को उनके बेचे गए धान का भुगतान समय पर नहीं मिल पा रहा है। इससे क्षेत्र के किसान काफी परेशान और मायूस हैं।

लखनपुर ब्लॉक के लखनपुर, जमगला, अमलभिट्ठी, कुन्नी, चांदो, पुहपुटरा, लहपटरा, निम्हा और अमेरा समितियों के पंजीकृत किसान रोजाना बैंक के चक्कर काट रहे हैं। दूर-दराज गांवों से आने वाले किसान सुबह से शाम तक बैंक में इंतजार करते रहते हैं, लेकिन पर्याप्त नकदी नहीं होने के कारण कई किसानों को बिना पैसा लिए ही वापस लौटना पड़ रहा है। बैंक कर्मचारियों के अनुसार शाखा में जो नकदी भेजी जा रही है, वह किसानों की संख्या और मांग के मुकाबले काफी कम है। किसानों का कहना है कि लगातार दो-तीन दिनों से उन्हें बैंक से पूरा पैसा नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में अपनी ही मेहनत की कमाई पाने के लिए उन्हें बार-बार बैंक के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। लोगों का कहना है कि राशि नहीं मिलने पर दूसरे दिन आने की बात कहीं जाती है और जब दूसरे दिन भरी दोपहरी में लाइन लगाकर अपनी बारी का इंतजार करते है और जब बारी आती है तो चंद पैसे देकर रवाना कर दिया जाता है। ऐसे में किसानों को पैसों की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। शादी विवाह का सीजन शुरू हो गया है। ऐसे में लोग बैंक जमा किए राशि को निकालने के लिए सुबह से ही बैंक पहुंच जाते है बावजूद इसके आवश्यकता अनुरूप राशि नहीं मिलती जिससे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि बैंक में जिस तरह से लोगों की भीड़ उमड़ रही है और पैसा नहीं मिलने पर नोटबंदी जैसा हाल निर्मित हो गया है।

**उधार लेकर चला रहे काम**

बैंक पहुंचे ग्रामीण व किसान ने बताया कि हम लोगों द्वारा पाई पाई कर बैंक में पैसा रखा गया है। शादी विवाह जैसे मुख्य अवसर पर कई तरह के उधार पटाने भी होते हैं। बीमारी के समय में दवा व इलाज करने के लिए भी अपने पैसे के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। बैंक से रुपए नहीं मिलने पर अब लोगों से उधार लेकर काम चलाना पड़ रहा है। अपना पैसा होने के बावजूद भी बैंक में इस तरह का परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**कर्मचारी और काउंटर की कमी**

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की लखनपुर शाखा में आसपास लगभग 9 गांव के लोग बैंक पहुंचते है। ऐसे में एक साथ बड़ी संख्या में किसानों के आ जाने से बैंक के काउंटर में पैर रखने की जगह नहीं होती है। बैंक में कर्मचारियों की कमी भी एक बड़ी समस्या बनी हुई है। किसानों की बढ़ती भीड़ के बावजूद काउंटर कम होने से काम प्रभावित हो रहा है। यदि काउंटर और कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई जाए तो किसानों को काफी राहत मिल सकती है।

**बैंक में कम आ रहे रूपए**

रूपए के लिए लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बैंक में रुपए कम आ रही है और जितने रुपए आते है उसे बांट दिया जाता है। बैंक में पर्याप्त नकदी उपलब्ध नहीं होने के कारण किसानों को पूरा भुगतान नहीं किया जा पा रहा है। शुक्रवार को लगभग 50 लाख रुपये और शनिवार को करीब 80 लाख रुपये का भुगतान किया गया था, जो किसानों की संख्या के हिसाब से काफी कम है।

-श्रवण कुमार पैकरा
शाखा प्रबंधक लखनपुर

## प्राचीन गोविन्द तालाब में मछली पालन के लिए जारी हुआ टेंडर, समूह ने किसानों को सिंचाई के लिए पानी देने से रोका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



- किसानों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, पानी के अभाव में किसानों की फसल सूखने का बना खतरा
- ग्राम हर्राटिकरा में किसानों व समूह सदस्यों के बीच बन रही विवाद की स्थिति

ग्राम पंचायत हर्राटिकरा स्थित प्राचीन गोविन्द तालाब के पानी से सिंचाई कर अपनी खेती-बाड़ी चलाने वाले किसानों को अब पानी लेने से रोक दिया जा रहा है, जिससे उनकी खड़ी फसल सूखने की कगार पर पहुंच गई है जिससे परेशान होकर किसानों ने सामूहिक रूप से कलेक्टर सूरजपुर को आवेदन सौंपकर समस्या के निराकरण की मांग की है।

कलेक्टर को दिए ज्ञापन में ग्रामीणों ने उल्लेख किया है कि ग्राम पंचायत हर्राटिकरा स्थित गोविन्द तालाब प्राचीन समय से ही किसानों के लिए जीवनदायिनी जलस्रोत रहा है। गांव के कई किसान इसी तालाब के पानी से सिंचाई कर धान, सब्जी एवं अन्य फसलों की खेती करते रहे हैं और अपने परिवार का भरण-पोषण करते आए हैं। लेकिन हाल ही में इस तालाब में मछली पालन के लिए मतस्य विभाग द्वारा स्वयं सहायता समूह को टेंडर दिया गया है। इसके बाद से समूह के सदस्यों द्वारा स्थानीय किसानों को तालाब से सिंचाई के लिए पानी लेने से रोका जाने लगा है। किसानों का आरोप है कि तालाब का ठेका देने से पहले न तो गांव में कोटवार के माध्यम से मुनादी कराई गई और न ही पंचायत भवन के सूचना पटल पर किसी प्रकार की सूचना चस्पा की गई। इसके अलावा पंचायत की बैठक में भी इस विषय पर कोई चर्चा नहीं की गई और न ही उपसरपंच व पंचों को इसकी जानकारी दी गई। किसानों ने बताया कि ठेका प्रक्रिया से पहले ही कई किसानों ने हजारों रुपए खर्च कर खेतों में बीज बोये थे और फसल की तैयारी कर ली थी,अब सिंचाई के लिए पानी नहीं मिलने के कारण उनकी फसल सूखने लगी है। अगर जल्द ही पानी की व्यवस्था नहीं हुई तो उनकी पूरी मेहनत और लागत बर्बाद हो जाएगी। तालाब के पानी को लेकर गांव में तनाव का माहौल बन गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो गांव में बड़े विवाद की स्थिति भी बन सकती है। हर्राटिकरा के किसानों का कहना है कि उनके पास खेती के अलावा आजीविका का कोई दूसरा साधन नहीं है। वे किसी तरह खेती कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। ऐसे में यदि सिंचाई का पानी ही बंद हो गया तो उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो जाएगा। ग्रामीणों और किसानों ने कलेक्टर सूरजपुर से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है। किसानों ने मांग किया है कि तालाब के ठेका मामले की जांच कराते हुए उन्हें सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया जाए, ताकि उनकी फसल बच सके।

### एक्सप्रेस ट्रेन के एसी बोगी में डिस्प्ले हुई गलत जानकारी, यात्रियों में बनी भ्रम की स्थिति



**बिश्रामपुर।** दुर्ग–अंबिकापुर एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18241 के आधुनिक कोच में लगे डिजिटल डिस्प्ले में गलत जानकारी प्रसारित होने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा,सोमवार 9 मार्च को दुर्ग से अंबिकापुर आ रही ट्रेन के बी-2 कोच के डिस्प्ले में पुणे–नागपुर ट्रेन संख्या 12113 की जानकारी दिखाई देने लगी, जिससे यात्रियों में भ्रम की स्थिति बन गई। बताया गया कि दुर्ग रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के प्लेटफॉर्म नंबर 3 से रवाना होने की घोषणा की जा रही थी। यात्री फुटओवर ब्रिज से प्लेटफॉर्म पर पहुंचे तो बी-2 कोच के डिजिटल डिस्प्ले में दूसरी ट्रेन की जानकारी देखकर कुछ देर के लिए असमंजस की स्थिति बन गई। ट्रेन छूटने के समय यात्रियों ने आसपास के डिब्बों के डिस्प्ले पर नजर डाली तो उनमें दुर्ग–अंबिकापुर एक्सप्रेस की जानकारी प्रदर्शित हो रही थी, जिसके बाद यात्री जल्दबाजी में ट्रेन में सवार हुए,यात्रियों ने इस संबंध में ट्रेन में मौजूद टीटी को जानकारी दी। बाद में उसलापुर स्टेशन पर रेल प्रबंधन ने गलती सुधारते हुए डिस्प्ले के सामने कागज चस्पा कर दिया।

## विवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित कर घर से निकाला, पति व सास के खिलाफ अपराध दर्ज



**बिश्रामपुर।** नगर की पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर उसके पति और सास के खिलाफ दहेज प्रताड़ना सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर सूरजपुर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

पीड़िता ने पुलिस में दर्ज कराई शिकायत में बताया कि उसका विवाह करीब चार वर्ष पूर्व शिवनंदनपुर निवासी ओंमकेश्वर देवांगन उर्फ रविशंकर से हुआ था,दोनों की साढ़े तीन वर्ष की एक बेटी भी है,विवाह के बाद से ही पति ओंमकेश्वर और उसकी मां कौशल्या देवी दहेज में एक लाख रुपये नगद और मोटरसाइकिल लाने की मांग करते हुए उसे प्रताड़ित करते थे,मांग पूरी नहीं होने पर उसे घर से निकाल देने और दूसरी शादी करने की धमकी दी जाती थी,पीड़िता के अनुसार 15 फरवरी को आरोपी पति ने मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया, जिसके बाद से वह अपने पिता के घर नवापारा बसदेई में रह रही है,इसी बीच चार दिन पहले आरोपी ने अपनी प्रेमिका मनीषा से शादी कर उसे घर ले आया। पीड़िता ने बताया कि आरोपी पति ने उसके व्हाट्सएप पर अश्लील वीडियो भेजकर पुलिस में शिकायत करने पर उसे वायरल करने की धमकी दी और ब्लैकमेल करने का प्रयास किया,इसके बाद विवाहिता ने बिश्रामपुर थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ बीएनएस की धारा 82(1), 85, 351(3), 3(5), 3, 4 तथा आईटी एक्ट की धारा 67ए के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है,वहीं आरोपी सास कौशल्या देवी के खिलाफ भी दहेज प्रताड़ना की धाराओं में कार्रवाई की गई है,पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## जिला एवं सत्र न्यायालय में किया गया अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय सरगुजा में 9 मार्च को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय अम्बिकापुर जिला सरगुजा तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में महिला अधिकारी एवं कर्मचारी का सम्मान समारोह एवं महिला सशक्तिकरण पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश केएल चरयाणी ने समस्त महिला अधिकारी-कर्मचारियों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी तथा समाज में एवं जिला न्यायापालिका के कार्य में उनके योगदान हेतु उनकी सराहना की। इसके साथ ही अवसर पर उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम के माध्यम से महिला सशक्तिकरण पर कार्यशाला भी आयोजित की गई थी, जिसमें उपस्थित न्यायिक अधिकारीगण द्वारा महिला सशक्तिकरण से संबंधित विधिक जानकारी भी दी गई। इस दौरान प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय सुरेश जून, अध्यक्ष स्थायी लोक अदालत आनंद राम ढ़िडही, विशेष न्यायाधीश एट्रोसिटीज अतुल श्रीवास्तव, प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती ममता पटेल, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एफटीएससी पॉक्सो एक्ट श्रीमान कमलेश जगदल्ला, पंचम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सुश्री स्मिता रत्नावत, तृतीय जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मुकेश कुमार तिवारी, सप्तम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश महेश कुमार राज, चतुर्थ जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मनीष कुमार दुबे, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एफटीसी सुश्री चित्रलेखा सोनवानी, षष्ठम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश जनक कुमार हिडको, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पल्लव रघुवंशी, समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेट, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, तृतीय श्रेणी कर्मचारी संघ की अध्यक्ष श्रीमती रहबरी खानम रिजवी, श्रीमती सीमा श्रीवास्तव, श्रीमती अन्पूर्णा राजवाडे तथा व्यवहार न्यायालय सीतापुर से श्रीमती कुसुम भगत, श्रीमती दुर्गावती सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### एनडीपीएस एक्ट मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**सूरजपुर।** एनडीपीएस एक्ट मामले में फरार आरोपी को चौकी बसदेई पुलिस ने किया गिरफ्तार है। पूर्व में 25 जनवरी को पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर कार क्रमांक सीजी 11 बीडी 8383 सहित 2 व्यक्ति कटघोरा जिला कोरबा निवासी मुकेश कंवर व योगेश कंवर उर्फ सोनू को पकड़ा था जिनके कब्जे से 2 लाख 50 हजार कीमत के 10 किलो 850 ग्राम गांजा व कार जब्म कर धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर दोनों को गिरफ्तार किया गया है। मामले में एक आरोपी नीतीश प्रकाश दीवान फरार था। एसएसपी ने फरार आरोपी की पतासाजी कर जल्द पकड़ने के निर्देश दिए। चौकी बसदेई पुलिस फरार आरोपी की तलाश मे जुटी थी। इसी बीच पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर फरार आरोपी बांगो थाना अंतर्गत चाटिया निवासी नीतीश प्रकाश दीवान आ. महेश दास (25 वर्ष) को पकड़ा।

### अंग्रेजी विषय की परीक्षा में अनुपस्थित रहे 114 विद्यार्थी

**अम्बिकापुर।** हायर सेकेण्डरी सर्टिफिकेट मुख्य परीक्षा अंतर्गत 10 मार्च को जिले के 71 परीक्षा केन्द्रों में अंग्रेजी विषय की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई। परीक्षा की सुचारू एवं पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल ने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शासकीय उमावि मेड्राकला, रामपुर, बरगीडीह, प्रभात उमावि राई रघुनाथपुर तथा शासकीय बालक उमावि लखनपुर सहित अन्य परीक्षा केन्द्रों का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान सभी परीक्षा केंद्रों में परीक्षा शांतिपूर्वक एवं निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुरूप संचालित होना पाया गया। अंग्रेजी विषय की परीक्षा में कुल 7739 विद्यार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 7625 विद्यार्थी परीक्षा में उपस्थित रहे, जबकि 114 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे।

## पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों की टीम ने की सड़क जांच, सुधार करने दिए निर्देश



**मानीचौक।** सलका रजवारी पारा से रेड नदी तक निर्माणाधीन पक्की सड़क निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान नहीं देने तथा ग्रामीणों द्वारा घटिया सामग्री के उपयोग करने के आरोप और काम बंद कराने पर आज पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों की टीम ने सड़क की गुणवत्ता की जांच की। साथ ही ठेकेदार को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ एस.के मिश्रा, इंजिनियर कंचन मंडल अपनी टीम के साथ मौके पहुंच संबंधित ठेकेदार व ग्रामीणों के बीच सड़क की गुणवत्ता का जांच की। जिसमे पक्की सड़क बनने के लिए तैयार किया गया बेस की खुदाई कर जांच किया जो मापन अनुसार सही पाया गया। ग्रामीणों का आरोप था सड़क की साइड सोल्डर जिसको जांच टीम ने ठेकेदार को फटकार लगाते हुए जितने दूर तक खराब व अधिक ढाल बनाया गया है उसे तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए। साथ ही एस्टीमेट के अनुरूप कार्य करने की चेतावनी दी और कहा कि अब आगे ग्रामीणों को शिकायत की मौका नहीं मिलना चाहिए। इस दौरान वार्ड पंच राजू दास सहित अन्य ग्रामीण मौके पर उपस्थित रहे।

## नशे की हालत में कॉलेज का बस चला रहा था चालक, पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

**पहले भी हो चुकी है स्कूल बस पलटने की घटना**




सड़क दुर्घटना में कमी लाने तथा लोगों को यातायात नियम का पालन कराने के उद्देश्य से थाना प्रभारी जितेंद्र जायसवाल के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जांच के दौरान उस समय वाहन चालक की बड़ी लापरवाही लापरवाही सामने आई जब पुलिस ने नशे की हालत में कॉलेज बस चला रहे चालक को पकड़ लिया। जानकारी के अनुसार हर रोज की तरह आज दोपहर भी थाना प्रभारी जितेन्द्र जायसवाल के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा वाहन की जांच कर रही थी। जांच के दौरान बस मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग की बस में पाया गया कि बस में परमिट की शर्तों का उल्लंघन करते हुए क्षमता से कहीं अधिक सवारियों को खचाखच भरकर बैठाया गया था। बस में बड़ी संख्या में यात्री सवार थे, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई थी। पुलिस ने जब चालक की जांच की तो वह नशे की हालत में पाया गया। जिस पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बस को जब्त कर लिया और चालक के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व ही ओसरा घाट में एक स्कूल बस पलटने की घटना हो चुकी है, जिसमें कई लोगों की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद प्रशासन और पुलिस यातायात नियमों को लेकर और अधिक सतर्क हो गई है।इस संबंध में थाना प्रभारी जितेंद्र जायसवाल ने बताया कि सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वाहन चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने वाहन चालकों से नशे की हालत में वाहन नहीं चलाए और यातायात नियमों का पालन करने की बात कही।

## बाइक सवार युवक की अज्ञात वाहन की चपेट में आकर मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा



बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम तुस्मा रोड की है।

शिवरीनारायण पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम धरदेई निवासी 27 वर्षीय जय कुमार साहू रविवार 8 मार्च को अपने ससुराल ग्राम दूरपा गया हुआ था। बताया जा रहा है कि वह रात लगभग 8 बजे अपने ससुराल से मोटरसाइकिल से अपने गृह ग्राम धरदेई लौटने के लिए निकला था। इस दौरान संजय साहू तुस्मा-केरा रोड के मुख्य मार्ग से गुजर रहा था, तभी रास्ते में किसी अज्ञात वाहन ने उसकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि संजय साहू ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया।घटना के समय सड़क से गुजर रहे कुछ राहगीरों की नजर सड़क पर पड़े युवक पर पड़ी। राहगीरों ने तत्काल डायल 112 को सूचना दी। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम तुरंत मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक संजय साहू की मौत हो चुकी थी। बताया जा रहा है कि संजय साहू उस समय हीरो होंडा मोटर साइकिल सीजी 11 एजेड 3559 चला रहा था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। घटना के बाद शिवरीनारायण पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बीच बचाव करने पर युवक से मारपीट अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** रिश्तेदार के साथ युवकों द्वारा मारपीट करने पर जब युवक ने बीच बचाव किया तो युवकों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी। रितिक मिंज आ. ललीत मिंज (22 वर्ष) ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि होली की शाम घर के सामने फुफा टेबुल साय से गाड़ी चलाने की बात को लेकर आकाश एवं अभिषेक गाली गलौज करते हुए मारपीट कर रहे थे। घर के सामने शोर सुनकर बाहर निकाला और बहन के साथ्ज्ञ बीच बचाव करने लगा जिससे नाराज होकर दोनों ने गाली गलौज कर मारपीट करना शुरू कर दिया। मारपीट चोट आने से निजी अस्पताल में उपचार कराया तथा उपचार के बाद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया।



# धुरंधर 2 का नया पोस्टर जारी ईश्वर के प्रकोप का दिया संकेत

**मुंबई।** रणवीर सिंह की एक्शन थ्रिलर फिल्म 'धुरंधर 2' का एक नया पोस्टर जारी हो चुका है। फैंस पोस्टर में रणवीर सिंह के दोनों लुक को लेकर काफी उत्सुक हैं। 'धुरंधर 2' के नए पोस्टर में रणवीर सिंह दो अलग-अलग किरदारों में दिख रहे हैं- जसकिरत सिंह रंगी और हमजा अली मजारी। उन्होंने पोस्टर के साथ कैप्शन में लिखा, 'ईश्वर का प्रकोप आ रहा है'। फिल्म के पोस्टर को देखने के बाद फैंस काफी उत्साहित हैं। फैंस 'धुरंधर 2' में रणवीर सिंह के लुक को देखकर बहुत खुश हैं। सोशल मीडिया पर लोग तारीफ कर रहे हैं और फिल्म का इंतजार कर रहे हैं।

लाइफ Style



# अनीत

## बायोपिक में कास्टिंग की खबरें बेबुनियाद

एजेंसी ▶▶ मुंबई

लेजेंडरी एक्ट्रेस मधुबाला की बायोपिक की चर्चा काफी लंबे समय से चल रही है। हाल ही खबर आई कि इसमें मधुबाला का किरदार 'सैयारा' एक्ट्रेस अनीत पड्डा निभाएंगी, पर ऐसा नहीं है। अब इंडस्ट्री के सूत्रों ने इन खबरों को पूरी तरह गलत बताया है।

अनीत पड्डा फिल्म में मधुबाला का किरदार नहीं निभाएंगी। एक सोर्स ने साफ किया कि अनीत पड्डा का नाम मधुबाला बायोपिक से जोड़ना एकदम गलत है। सोर्स ने कहा कि अनीत पड्डा को लेकर जो भी खबरें उड़ रही हैं, उनमें रत्ती भर भी सच्चाई नहीं है। ये दावे पूरी तरह से बेबुनियाद हैं। मधुबाला भारतीय सिनेमा का एक बहुत बड़ा नाम हैं, इसलिए इन अफवाहों ने फिल्म प्रेमियों के बीच काफी हलचल मचा दी थी। पर सोर्स ने फिर से जोर देकर कहा कि अनीत पड्डा के प्रोजेक्ट (मधुबाला की बायोपिक) से जुड़ने की बात सिर्फ एक अफवाह है और फिलहाल ऐसा कुछ भी नहीं हो रहा है। इससे पहले खबरें आई थीं कि मधुबाला की बायोपिक में कियारा आडवाणी दिवंगत एक्ट्रेस का किरदार निभाएंगी, पर वो खबरें भी अफवाह साबित हुईं। अनीत पड्डा की बात करें, तो उन्होंने साल 2022 में फिल्म 'सलाम वैंकी' से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी, पर स्टारडम 2025 में रिलीज हुई 'सैयारा' से मिला। अब अनीत पड्डा फिल्म 'शक्ति शालिनी' में नजर आएंगी। फिल्म में 'होमबाउंड' फेम विशाल जेठवा भी हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह दिसंबर 2026 में रिलीज हो सकती है।

## हॉलीवुड मसाला



# पति बेनी को दी जन्मदिन की बधाई

**लॉस एंजिल्स।** सेलेना गोमेज ने अपने पति बेनी ब्लैंको के जन्मदिन पर खास शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सोशल मीडिया पर कुछ अनदेखी शानदार तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें उनकी शादी के पल और निजी जीवन की झलक दिखाई दी। सेलेना ने अपनी इस पोस्ट में शादी की कई रोमांटिक फोटोज शेयर कीं। इस पोस्ट के साथ सेलेना ने कैप्शन में पति बेनी ब्लैंको को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए लिखा, 'जन्मदिन मुबारक हो मेरे प्यार। मैं तुम्हें पूरे दिल से प्यार करती हूं।'



# डॉल्बी थिएटर में होगा 98वां ऑस्कर अवॉर्ड समारोह...

**लॉस एंजिल्स।** कुछ ही दिनों में ऑस्कर 2026 का आयोजन होने वाला है और अब इसे लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। इस साल का कार्यक्रम और ज्यादा खास होने वाला है, क्योंकि इसे कोनन ओ'ब्रायन होस्ट करने वाले हैं। इस प्रतिष्ठित अवॉर्ड समारोह में प्रियंका चोपड़ा भी शामिल होने वाली हैं। 98वां अकादमी अवॉर्ड समारोह 15 मार्च को हॉलीवुड के लॉस एंजेलिस स्थित मशहूर डॉल्बी थिएटर में आयोजित किया जाएगा। हर साल की तरह इस बार भी दुनियाभर की फिल्म इंडस्ट्री की नजरें इस प्रतिष्ठित अवॉर्ड समारोह पर टिकी हुई हैं। भारत में टाइम डिफरेंस की वजह से दर्शक इस समारोह को 16 मार्च की सुबह लगभग 4:30 बजे से देख सकेंगे। आप जियो हॉटस्टार ऐप और वेबसाइट पर सुबह 4:30 बजे से इसकी लाइव स्ट्रीमिंग देख सकते हैं।



# है जवानी तो इश्क... की रिलीज डेट बदली

**मुंबई।** डेविड धवन द्वारा निर्देशित फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' में वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े सहित कई कलाकार नजर आएंगे। इस रोमांटिक-कॉमेडी ड्रामा फिल्म की रिलीज का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस पोस्ट के हिसाब से 'है जवानी तो इश्क होना है' अब 5 जून की जगह 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। निर्माताओं ने एक आधिकारिक बयान में लिखा, 'हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' मूल रूप से 5 जून को रिलीज होने वाली थी, जिसकी घोषणा हमने कई महीने पहले की थी। इस महीने की शुरुआत में, यश अभिनीत फिल्म 'टॉक्सिक' के निर्माताओं ने फिल्म की नई रिलीज तारीख की घोषणा की। 'टॉक्सिकः ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स' पहले 19 मार्च को रिलीज होने वाली थी।



# लाहौर 1947 का नहीं बदला टाइटल...

**मुंबई।** राजकुमार संतोषी की फिल्म 'लाहौर 1947' के टाइटल को लेकर फिर से नया अपडेट सामने आया है। पहले खबर थी कि इसका नाम बदलकर 'बंटवारा 1947' कर दिया गया है लेकिन, ऐसा नहीं है और इसकी पुष्टि आमिर खान ने की है। सनी देओल के फैंस 'बॉर्डर 2' के बाद उनकी अगली और चर्चित फिल्म 'लाहौर 1947' की रिलाज का इंतजार कर रहे हैं, जिसे राजकुमार संतोषी ने डायरेक्ट किया है और आमिर खान प्रोडक्शन में बनी है। इस मूवी के टाइटल को लेकर बीच में अपडेट आया था कि उसे बदल दिया गया और उसका नया नाम 'बंटवारा 1947' कर दिया गया है। लेकिन, प्रोड्यूसर ने इस दावे को सिरे से खारिज किया है। आमिर खान से जब फिल्म 'लाहौर 1947' के टाइटल में बदलाव के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, 'ये आपने कहां सुना?

## टीवी मसाला



# कुछ इंट्रेस्टिंग होगा तो जरूर अनुपमा में करूंगा वापसी

**नई दिल्ली।** अनुपमा में अनुज की भूमिका निभाकर पॉपुलैरिटी हासिल करने वाले गौरव खन्ना किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। गौरव को इस शो में इतना पसंद किया गया कि फैंस उनकी वापसी का इंतजार कर रहे हैं। स्टार प्लस के शो अनुपमा में अनुज का कैरेक्टर बहुत ही मजबूत तरीके से दिखाया गया था। इस शो में दर्शकों ने अनुज के कैरेक्टर को इतना पसंद किया कि गौरव खन्ना हर किसी के फेवरेट बन गए। इस शो का हिस्सा बनने के बाद गौरव खन्ना को बिग बॉस 19 में देखा गया। इस शो के वो विनर बने. उसके बाद से फैंस को लगने लगा कि बिग बॉस के बाद गौरव खन्ना अब अनुपमा में वापसी करेंगे। अब गौरव खन्ना ने खुद इस बात को कंफर्म कर दिया है कि वो इस शो का हिस्सा बनेंगे या नहीं। एक इंटरव्यू में जब गौरव खन्ना से पूछा गया कि क्या वो फिर से अनुपमा में अनुज के तौर पर वापसी करेंगे। ऐसे में गौरव खन्ना ने जो जवाब दिया वो काफी मजेदार था। गौरव खन्ना ने कहा,'आप गलत इंसान से इस बारे में पूछ रहे हैं। क्योंकि, अनुपमा में वापसी करना मेरे हाथ में नहीं है। ये हमारे प्रोड्यूसर राजन शाही और चैनल स्टार प्लस पर डिपेंड करता है। अगर स्टोरी में मेरे लिए कुछ इंट्रेस्टिंग होगा तो मैं जरूर वापस आऊंगा। लेकिन, अगर ट्रैक एक्साइटिंग नहीं है तो मैं वापस नहीं आऊंगा।

## गुस्सा जायज है, घाव गहरे थे

**नई दिल्ली।** निक्की तंबोली कुछ दिन पहले ही रियलिटी 'द 50' से बाहर हुईं। हाल ही में उनके बॉयफ्रेंड अरबाज पटेल भी शो से बाहर हो गए। अब शो में कुछ इंफ्लुएंसर, टीवी आर्टिस्ट बाकी रह गए हैं। अपनी हालिया पोस्ट में



बिना किसी का नाम लिए निक्की तंबोली ने 'द 50' के कुछ प्रतियोगियों पर निशाना साधा है। निकी तंबोली ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी पोस्ट की है। इसमें वह लिखती हैं, 'मेरी पोस्ट पर फेक कमेंट्स करवाने से ज्यादा मेहनत अगर अपनी लाइफ पर करते तो शायद कोलेबोरेशंस से जिंदगी नहीं चलती। मेरी पोस्ट पर फेक कमेंट्स खरीदने से अच्छा है, अपनी रिस्पेक्ट खरीद लो। शायद ज्यादा काम आ जाए।' वह आगे लिखती हैं, 'गुस्सा जायज है। घाव गहरे थे।' निक्की तंबोली ने अपनी पोस्ट में किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन सोशल मीडिया यूजर्स का मानना है कि वह टीवी एक्टर प्रिंस नरुला और टीवी पर्सनालिटी शिव ठाकरे पर निशाना साध रही हैं। यह दोनों इस वक्त 'द 50' शो का हिस्सा हैं। जब निक्की और उनका बॉयफ्रेंड शो में थे तो शिव ठाकरे और प्रिंस नरुला से कई बार झगड़ा हुआ। 'द 50' शो में विनर बनने की दौड़ में शिव ठाकरे आगे दिख रहे हैं।

# पद्मा कभी अमिताभ की बनी थीं हीरोइन खूब चलाया था कैबरे डांस का जादू ...

*नई दिल्ली। भोजपुरी फिल्मों से अपना फिल्मी सफर शुरू करने वालीं पद्मा खन्ना ने अमिताभ बच्चन के साथ 'सजना है मुझे सजना के लिए' और देवा आनंद के गाने 'हुस्न के लाखों रंग' में नजर आईं। फिल्मी और टीवी की दुनिया में कुछ कलाकार ऐसे हैं जो अपने नाम से अधिक अपने किरदार की वजह से जाने जाते हैं। ऐसे ही कलाकारों की लिस्ट में एक नाम पद्मा खन्ना का रहा है जो टीवी के लोकप्रिय धारावाहिक 'रामायण' में रानी कैकेयी के किरदार से घर-घर में पहचानी जाती थीं। 70 और 80 के दशक में खन्ना अपनी खूबसूरती, डांस और एक्टिंग से लोगों के दिलों में खास जगह बनाई थी। शायद बहुत कम लोगों को ये पता हो कि उनके फिल्मी सफर की शुरुआत के पीछे की वजह मशहूर एक्ट्रेस वैजयंती माला थीं, जिन्होंने पद्मा का डांस देखकर उन्हें फिल्मों में किस्मत आजमाने की सलाह दी थी। एक्ट्रेस से मिली यही छोटी सी सलाह आगे चलकर उनके जीवन का बड़ा मोड़ साबित हुई।*



### अमिताभ के साथ 'सजना है मुझे सजना के लिए' गाना

पद्मा खन्ना के करियर का एक और अहम पड़ाव फिल्म 'सौदागर' रही, जिसमें वह महानायक अमिताभ बच्चन के साथ नजर आईं। इस फिल्म का गाना 'सजना है मुझे सजना के लिए' उस दौर का बेहद लोकप्रिय गाना बना। धीरे-धीरे वह हिंदी और भोजपुरी दोनों फिल्म इंडस्ट्री में एक जानी-मानी एक्ट्रेस बन गईं और अपने डांस के लिए खास तौर पर पहचानी जाने लगीं।

### 'गंगा मैया तोहे पियरी चढ़इबो' से शुरुआत

पद्मा खन्ना ने अपने अभिनय कॅरियर की शुरुआत भोजपुरी फिल्म 'गंगा मैया तोहे पियरी चढ़इबो' से की। उस समय उनकी उम्र लगभग 14 साल थी। यह फिल्म भोजपुरी सिनेमा की लोकप्रिय फिल्मों में गिनी जाती है। इसके बाद उन्होंने कई भोजपुरी फिल्मों में काम किया और धीरे-धीरे इस इंडस्ट्री में अपनी पहचान बना ली। 'बिदेसिया', 'बलम परदेसिया', 'धरती मइया', और 'भैया दूज' जैसी फिल्मों में उनके काम को काफी पसंद किया गया।

# ताहिर ने पूरी की अनाम फिल्म की शूटिंग, साझा की तस्वीरें...



**मुंबई।** ताहिर राज भसीन जल्द ही एक नई फिल्म में नजर आएंगे। अभिनेता ने फिल्म की शूटिंग पूरी करने पर कई तस्वीरें साझा की हैं। अभिनेता ताहिर राज भसीन ने अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। यह विक्रम फडनिस के निर्देशन में बना प्रोजेक्ट है। हालांकि, अभी तक इस फिल्म का नाम सामने नहीं आया है। अभिनेता ने अपनी शूटिंग पूरी करने के बाद सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें साझा की हैं। साथ ही एक लंबा नोट भी लिखा है। ताहिर राज भसीन ने शूटिंग पूरी करने के बाद इंस्टाग्राम पर शूटिंग से जुड़ी कई तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों में ताहिर अपने किरदार में और कुछ अहम सीन की शूटिंग करते नजर आ रहे हैं। अभिनेता ने अपनी टीम के साथ बिताए मजेदार पलों की भी झलक प्रशंसकों के साथ साझा की। उन्होंने शूटिंग के बीच आराम करते और एक-दूसरे के साथ समय बिताते हुए कलाकारों और क्रू की तस्वीरें पोस्ट कीं। तस्वीरों में फिल्म की बाकी कास्ट सयामी खेर और विनीत कुमार सिंह भी नजर आ रहे हैं। तस्वीरें साझा करते हुए ताहिर ने प्रोजेक्ट के पूरा होने पर एक भावुक संदेश भी लिखा। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'शूटिंग पूरी हो गई। यह एक शानदार सफर रहा। विक्रम फडनिस आपका धन्यवाद जिन्होंने एक दिल को छू लेने वाला किरदार लिखा और निर्देशित किया, जिसे निभाना मेरे लिए बेहद सुखद अनुभव रहा। आपकी इस मेहनत से बनी फिल्म को दुनिया के साथ साझा करने का बेसब्री से इंतजार है। ओजाजय, लेंस के जादूगर हैं। हर दिन अपनी उत्कृष्टता लाने और कलात्मकता के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए धन्यवाद। हद से

## हम घास की गठरियों पर आराम करते थे : सुप्रिया

# 80 के दशक में न वॉशरूम होते थे, और न ही वैनिटी वैन

*नई दिल्ली। 'खिचड़ी' एक्ट्रेस सुप्रिया पाठक ने 80 के दौर के फिल्म सेट की कहानी सुनाई और बताया कि तब वॉशरूम, वैनिटी वैन या आराम करने के लिए उचित जगह जैसी बुनियादी सुविधाओं का भी कैसा अभाव रहा करता था। शाहिद कपूर की सौतेली मां सुप्रिया पाठक ने 'मिर्च मसाला' की शूटिंग के दौरान का एक किस्सा सुनाया। इस फिल्म की शूटिंग के लिए मिर्च फैक्ट्री में बिताए अपने अनुभव को शेयर किया और बताया कि कैसे एक दर्जन महिलाएं वहां घास और भूसे के गठरियों पर आराम करती थीं। हालांकि, 'खिचड़ी' एक्ट्रेस ने कहा कि इस तरह के माहौल में काम करने के पीछे की वजह एक्टर्स का जुनून होता था।*

### 80 से 90 के दशक में कैसा होता था फिल्मों का सेट

बातचीत में सुप्रिया ने 80 से 90 के दशक में फिल्म इंडस्ट्री को लेकर बातें करते हुए बताया कि तब कैसे एक्टर्स वैनिटी वैन के बिना काम करते थे। उन्होंने कहा, 'जो जुनून था हमारे अंदर एक्टिंग का या किरदार बनाने का, उसकी वजह से बाकी सारी चीजों की अहमियत कम लगती थीं। पर धीरे-धीरे एहसास हुआ कि नहीं, ये भी जरूरी है।'

### बाथरूम की सुविधा होनी चाहिए

उन्होंने अपनी बात रखते हुए कहा, 'आपको कोई एक बैठने की जगह चाहिए और खासकर महिलाओं के लिए, आपको एक बाथरूम की सुविधा होनी चाहिए। मतलब मैं आज भी कहती हूं कि कितनी जगहों पर हम शूट करने जाते जहां बाथरूम भी मुहैया नहीं कराया जाता या होता ही नहीं था। कई जगहों पर जहां हम शूटिंग करते, बाथरूम जैसी बुनियादी सुविधाएं या तो उपलब्ध नहीं कराई जाती या होती ही नहीं थी।' मैं आज भी कहती हूं कि कितनी जगहों पर हम शूट करने जाते जहां बाथरूम भी मुहैया नहीं कराया जाता या होता ही नहीं था। कई जगहों पर जहां हम शूटिंग करते, बाथरूम जैसी बुनियादी सुविधाएं भी नहीं होती थीं।



### घास के बड़े-बड़े बंडल पर हम पूरे दिन बैठते थे

सुप्रिया पाठक ने कहा, 'मैंने एक फिल्म की थी मिर्च मसाला, जिसे केतन मेहता जी ने डायरेक्ट किया था। उसमें हम सारी औरतें थीं, करीब 10 महिलाएं थीं। तब हम मिर्ची की फैक्ट्री में शूट कर रहे थे। वो एक छोटा सा गांव था और वहां बेतहाशा गर्मी थी। वहां पीछे एक शेड जैसा था जहां घास रखे हुए थे। शायद मिर्ची को साफ करने का कोई प्रोसेस वहां होता था। तो बड़े-बड़े बंडल बनाकर रख दिए थे और हम पूरे दिन उसी पर बैठते थे।'

### कुछ भी करके बैठ जाते थे

पाठक ने कहा, 'एक एक्टर के लिए जैसे हमारे वहां स्पॉट बॉय होते थे, चाय लाना, अगर आप सर्दी में शूट कर रहे हो, कहीं भी शूट कर रहे हो तो बुनियादी सुविधाएं तो चाहिए ही। खाना, पानी, चाय, ये सब बेसिक चीजें जरूरी होती हैं। फिर मुझे लगता है कि धीरे-धीरे ये सारे बदलाव होंगे। हमारी इंडस्ट्री में आने लगे। आज शूटिंग करना काफी कंफर्टेबल होगा, चाहे आप कहीं भी हों। पहले के टाइम से काफी अलग है। हमारा वक्त तो हम सचमुच कहीं भी, कुछ भी करके बैठ जाते थे।'

### बाजार व राम-लीला के लिए मिले थे अवॉर्ड

बताते चलें की सुप्रिया पाठक ने अपनी मां दीना पाठक के साथ थिएटर से एक्टिंग की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने 'कलयुग' (1981) से फिल्मों में कदम रखा। पाठक को 'बाजार' (1982) और 'राम-लीला' (2013) के लिए अवॉर्ड भी मिले। उन्होंने 'मासूम' और 'मिर्च मसाला' जैसी फिल्मों, 'खिचड़ी' (हंसा के रूप में) और 'साराभाई वर्सेस साराभाई' जैसे टीवी शो में भी जानदार एक्टिंग की। इन सबके अलावा पाठक ने 'सरकार', 'वेक अप सिड', 'रेड 2' और 'खिचड़ी 2' में भी काम किया। एक्टिंग के अलावा सुप्रिया अपने पति पंकज कपूर के साथ एक प्रोडक्शन हाउस चलाती हैं।

खबर संक्षेप



## घरघोड़ा की बेटी ने बढ़ाया जिले का मान

**घरघोड़ा।** रायगढ़ जिले की तहसील नगर घरघोड़ा की बेटी शुभांगी बोहिदार ने अपनी मेहनत और लगन से इंडिगो एयरलाइंस के इंटरव्यू में सफलता हासिल करते हुए पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वार्ड नंबर 11 घरघोड़ा निवासी मनीष बोहिदार एवं श्रीमती प्रतिभा बोहिदार की सुपुत्री शुभांगी बोहिदार का चयन एयरलाइन सेवा के लिए हुआ है। उनके भाई का नाम सुयश बोहिदार है। शुभांगी प्रतिष्ठित परिवार से संबंध रखती हैं और वे घरघोड़ा के प्रसिद्ध चिकित्सक स्व.डॉ. राधेश्याम बोहिदार श्रीमती कल्पना बोहिदार के वंशज तथा गंगाराम पटनायक और हीरामणी पटनायक की नातिन हैं। बताया जा रहा है कि बचपन से ही शुभांगी ने विमानन क्षेत्र में जाने का सपना संजोया था। उन्होंने छोटी उम्र से ही यह लक्ष्य तय कर लिया था कि उन्हें एयरलाइन इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनानी है। इसी सपने को साकार करने के लिए उन्होंने रायपुर स्थित फ्रैंक फिन इंस्टीट्यूट ऑफ एयर होस्टेस ट्रेनिंग से एक वर्ष का एयर होस्टेस कोर्स किया। कठिन प्रशिक्षण और कड़ी मेहनत के बाद उन्होंने अपने पहले ही प्रयास में ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में आयोजित इंडिगो एयरलाइंस के इंटरव्यू को सफलता पूर्वक उत्तीर्ण कर लिया। इंटरव्यू में चयन होने के बाद इंडिगो के अधिकारियों ने उन्हें सीधे ट्रेनिंग के लिए गुरुग्राम हरियाणा में पोस्टिंग दी, जहां से वे अब एयरलाइन सेवा से जुड़कर अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर रही हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता को दिया है।

## परीक्षा के अंतिम दिन चेहरों में छाई मुस्कान

**कोसीर।** 10 वीं कक्षा के विद्यार्थियों का मंगलवार को संस्कृत विषय का पेपर था शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परीक्षा केंद्र में एसरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल, माँ कौशलेश्वरी ज्ञानोदय विद्या मन्दिर, वैदिक विद्या मन्दिर और शासकीय कन्या हाई स्कूल के विद्यार्थी शामिल हुए। कुल विद्यार्थियों की संख्या 164 जिसमें 154 विद्यार्थी उपस्थित रहे और 10 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के अंतिम दिन विद्यार्थियों में एक अलग खुशी देखी गई। वहीं उनके बरसों की मेहनत अब बंद लिफाफे में कैद हो गई है। परीक्षा का समय विद्यार्थियों के लिए कठिन। होता है। परीक्षा के बाद विद्यार्थियों में एक अलग खुशी देखने को मिली। यज्ञेय हंस अपने सहपाठियों के साथ परीक्षा के बाद मुस्कुराते नजर आए। वही सभी छात्र छात्रओ मे भारी खुशी दिखाई दी और परीक्षा केन्द्र कोसीर में परीक्षा शान्ति पूर्वक सफल सम्पन्न रहा।

## जल विवाद ट्रिब्यूनल दल ने किया निरीक्षण

**सारंगढ़।** ओडिशा और छत्तीसगढ़ के बीच महानदी के पानी के बंटवारे को लेकर उपजे विवाद को हल करने के लिए भारत सरकार द्वारा गठित महानदी जल विवाद न्यायाधिकरण ट्रिब्यूनल दल ने 10 मार्च मंगलवार को दोपहर में कलमा बैराज का निरीक्षण किया। इस अवसर पर दोनों राज्य के राज्य स्तर की टीमए रायपुर सारंगढ़ बिलाईगढ़ए सक्ति और रायगढ़ जिले के जल संसाधन विभाग की टीम के साथ साथ कानून व्यवस्था आदि के लिए राजस्व और पुलिस के अधिकारी मौजूद थे।

## कार में अवैध कबाड़ की चोरी पुलिस ने पकड़ा आरोपी को

**रायगढ़।** खरसिया पुलिस ने कार में अवैध स्क्रैप परिवहन कर रहे खरसिया निवासी राजू अग्रवाल को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 8 मार्च को एक कार में अवैध लोहे का स्क्रैप परिवहन करने की जानकारी मिली। खरसिया पुलिस ने ठाकुरदिया से मौहापाली मालधक्का रोड पर संदिग्ध कार क्रमांक सीजी 13 बीबी 2808 को जांच की। वाहन की तलाशी लेने पर कार के भीतर अवैध लोहे का स्क्रैप बरामद हुआ।

### राज्य सलाहकार मोनिका ने बेलपाली, जकेला सहित कई ग्रापं का किया निरीक्षण

# स्वच्छ भारत मिशन को जनआंदोलन बनाने की पहल, चला रहे अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत जिले में स्वच्छता को जन आंदोलन बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में राज्य स्तर से पहुंची स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की राज्य सलाहकार श्रीमती मोनिका सिंह ने पुसौर विकासखण्ड के विभिन्न ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर स्वच्छता गतिविधियों का निरीक्षण किया तथा ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

भ्रमण के दौरान राज्य सलाहकार श्रीमती सिंह ने ग्राम पंचायत बेलपाली, जकेला, सुकुलभठली, कोसमंदा एवं बड़े हल्दी में संचालित स्वच्छता कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने गांवों में कचरा प्रबंधन की व्यवस्था, स्वच्छता संबंधी गतिविधियों तथा सामुदायिक सहभागिता की स्थिति का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों, स्वच्छग्राहियों, स्वच्छता दीदियों और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से संवाद करते हुए स्वच्छता को दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने पर जोर दिया। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को गीले और सूखे कचरे के पृथक्करण की आवश्यकता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घरों से निकलने वाले कचरे को अलग अलग एकत्रित करने से उसके बेहतर प्रबंधन के साथ साथ जैविक कचरे का उपयोग खाद के रूप में भी किया जा सकता है, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ स्वच्छ गांव के निर्माण में भी मदद मिलती है। उन्होंने नियमित कचरा संग्रहण व्यवस्था को मजबूत करने तथा कचरे के पुनः उपयोग के तरीकों के बारे में भी जानकारी साझा की।



ग्रामीणों के साथ राज्य सलाहकार मोनिका।

इस अवसर पर स्वच्छता कार्यों से जुड़े स्वच्छग्राही, स्वच्छता दीदीए स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, ग्रामीणजन, सरपंच, सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। राज्य सलाहकार ने स्वच्छता कार्यों में सक्रिय रूप से लगे कर्मियों को प्रोत्साहित करते हुए उनसे संबंधित मानदेय भुगतान की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी तथा कार्यों को नियमित और प्रभावी रूप से संचालित करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया कि वे अपने घरों में गीले और सूखे कचरे को अलग अलग एकत्रित करेंगे तथा उसके वैज्ञानिक और उचित प्रबंधन में सहयोग करेंगे। ग्रामीणों ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी योजना नहीं बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है और सभी के सामूहिक प्रयास से ही गांवों को स्वच्छए सुंदर और स्वस्थ बनाया जा सकता है।

## उमेश ने धान बेचने से वंचित किसानों का मुद्दा उठाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

विधानसभा में विधायक उमेश पटेल ने जिले के किसानों की धान खरीदी का मुद्दा उठाया। विधानसभा में उठाते हुए खाद्य मंत्री से पूछा कि रायगढ़ जिला में कितने किसान पंजीकृत हैं। कितनों ने धान बेंचा और कितने बेचने से वंचित रहे। जिस पर मंत्री का जवाब आया कि रायगढ़ जिला में 83 हजार 641 किसान पंजीकृत हैं और 72 हजार 693 किसानों ने अपना धान विक्रय किया तथा 10 हजार 948 किसानों ने धान विक्रय नहीं किया।



विधायक पटेल ने पूछा कि धान विक्रय हेतु कुल कितना रकबा पंजीकृत था और कितने का धान बिका। जिस पर 1 लाख 25 हजार हेक्टेयर पंजीकृत तथा 1 लाख 17 हजार हेक्टेयर के रकबे पर धान विक्रय किया गया है। विधायक पटेल ने आगे पूछा कि टोकन कटने के बाद भी कितने किसानों का कितने हेक्टेयर धान नहीं बिक पाया जिस पर खाद्य मंत्री का जवाब नहीं आया। विधायक पटेल ने आगे पूछा कि किसानों का धान किस कारण नहीं बिक पाया इसका भी जवाब नहीं आया। इसी तरह विधायक पटेल ने एक अन्य प्रश्न में किसानों के एग्रीस्टेक पंजीयन का मामले को लेकर पूछा कि रायगढ़ जिले में कितने किसानों को एग्रीस्टेक पंजीयन के बावजूद भी उनका रकबा एग्रीस्टेक सूची में नहीं दिखने से धान नही बेच पाए । जिस पर जवाब आया कि एग्रीस्टेक में पंजीकृत किसानों में से 10 हजार 133 किसानों का धान खरीदी नही किया गया। इस प्रकार विधानसभा में किसान हित में विधायक पटेल ने प्रश्न के माध्यम से धान खरीदी में किसानों को होने वाले परेशानियों के संबंध में जानकारी चाहा जिस पर मंत्री द्वारा जवाब दिया गया है। विधायक पटेल ने सरकार पर आरोप लगाया कि 10 हजार 948 किसानों ने यदि धान नही बेचा है तो तकनीकि कारणों से किसानों को परेशान किया ताकि धान की विक्री कम हो। टोकन कटने के बावजूद भी धान खरीदी नहीं किया गया।

## महिला दिवस पर शिक्षाविद् डॉ. मनीषा सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

संस्कार पब्लिक स्कूल में नवनिर्माण संकल्प समिति एवं संस्कार पब्लिक स्कूल रायगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में रायगढ़ का मान बढ़ाने वाले समाज की बुनियाद नारी शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें महिला जागरूकता संघर्ष एवं सुरक्षा जैसे समसामयिक मुद्दों पर विचार व्यक्त किए गए।



संस्कार पब्लिक स्कूल रायगढ़ के संचालक कार्यक्रम संयोजक रामचंद्र शर्मा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि प्रमुख द्वय श्रीमती आशा त्रिपाठी एवं गीता उपाध्याय के करकमलों से राज्यपाल पुरस्कार से अलंकृत डॉ.मनीषा त्रिपाठी, प्रधान पाठक, शासकीय रविशंकर प्राथमिक शाला रायगढ़ को शिक्षा, साहित्य, समाज सेवा, नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु मोमेंटो सम्मान चिह्नद्ध प्रदान कर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व भी डॉ.मनीषा त्रिपाठी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन रायपुर द्वारा महिला शिखर सम्मान, विप्र समाज द्वारा संघर्षशील महिला अवार्ड, विजय लक्ष्मी समूह रायगढ़ द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु नारी शक्ति सम्मान, भारतीय जीवन बीमा निगम रायगढ़ द्वारा सशक्त महिला सम्मान आदि के साथ-साथ विभिन्न संघ एवं सामाजिक संगठनों द्वारा भी सम्मानित किया गया है। इस कार्यक्रम में शताधिक महिलाओं की उपस्थिति रही। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मानित किए जाने पर विभिन्न सामाजिक संगठनों, इष्ट मित्रों एवं शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाईयां संप्रेषित की हैं।

## अदाणी फाउंडेशन ने 500 से अधिक महिलाओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अदाणी फाउंडेशन ने ग्राम सूपा में महिलाओं के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के योगदान को सम्मान देना और उन्हें सामाजिक व आर्थिक रूप से सशक्त बनाना था। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद पंचायत पुसौर की अध्यक्ष हेमलता चौहान थीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी पटेल मौजूद रहीं। इसके अलावा पांच बीडीसी सदस्य और करीब दस पंचायतों के सरपंचों ने भी कार्यक्रम में भाग लेकर महिलाओं का उत्साह बढ़ाया।

■ उत्थान परियोजना के उत्कृष्ट कार्यकर्ताओं को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

अदाणी फाउंडेशन से सहयोग प्राप्त स्व-सहायता समूहों की पांच सौ से अधिक महिलाओं को सामुदायिक विकास, आजीविका संवर्धन और सामाजिक नेतृत्व में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही उत्थान परियोजना के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले उत्थान सहायकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम स्थल पर स्व-सहायता समूहों की ओर से तैयार उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। इसमें मशरूम उत्पादन, टेराकोटा उत्पाद, बड़ी-पापड़, हल्दी और अन्य मसाले तथा सिलाई प्रशिक्षण केंद्र में तैयार किए गए वस्त्र शामिल थे। प्रदर्शनी में आए अतिथियों और ग्रामीणों ने इन उत्पादों में विशेष रुचि दिखाई।





शक्ति संवाद की शुरुआत- इस अवसर पर अदाणी फाउंडेशन ने 'शक्ति संवाद' नामक नई पहल की शुरुआत की। इसके तहत स्व-सहायता समूहों और ग्रामीण महिला उद्यमियों को पावर प्लांट का औद्योगिक भ्रमण कराया जाएगा, ताकि वे उद्योगों की कार्यप्रणाली को समझ सकें। साथ ही विभिन्न गांवों की महिलाओं के बीच सीएसआर गतिविधियों और आजीविका से जुड़े अनुभवों का आदान-प्रदान कराया जाएगा, जिससे सीखने और नेतृत्व विकास के नए अवसर मिल सकें।

### मेहनत के बल पर मिलेगी नई पहचानः हेमलता

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किए और अपने अनुभव साझा किए। मुख्य अतिथि हेमलता चौहान ने कहा कि यह दिन महिलाओं के संघर्ष और समर्पण को सम्मान देने का अवसर है। उन्होंने कहा कि हर महिला अपनी क्षमता और मेहनत के बल पर समाज में नई पहचान बना सकती है। जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी पटेल ने कहा कि अदाणी फाउंडेशन क्षेत्र में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है, जो समाज के लिए प्रेरणादायक है। मीरा दास ने भी महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए फाउंडेशन की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी और आगे भी सहयोग का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम के अंत में अदाणी पावर के सुरक्षा विभाग ने घरेलू सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की और घर में होने वाली सामान्य दुर्घटनाओं से बचाव के उपाय बताए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं, जनप्रतिनिधि, स्व-सहायता समूहों की सदस्याएं और सीएसआर टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

## एनटीपीसी में मनाया गया राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस

**रायगढ़।** एनटीपीसी लारा स्टेशन में बड़े उत्साह के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया गया, और कार्यस्थल पर एक मज़बूत सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा देने के अपने पक्के वादे को दोहराया गया। सुरक्षा झण्डा फहराने के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई, जिसके बाद मुख्य अतिथि केसी सिंघा रॉय, महाप्रबंधक द्वारा सुरक्षा शपथ दिलाई गई। अलग-अलग डिपार्टमेंट के कर्मचारियों ने सेफ्टी अवेयरनेस प्रोग्राम में एक्टिव हिस्सा लिया, और पूरे स्टेशन पर सेफ्टी और ज़िम्मेदारी से काम करने के तरीकों का संवाद को सभी को बताया गया। मुख्य अतिथि द्वारा मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए, सीनियर मैनेजमेंट ने एक सुरक्षित, स्वस्थ्य और दुर्घटना रहित कार्यस्थल बनाए रखने की अहमियत पर ज़ोर दिया, और सभी कर्मचारियों और कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स से अपने रोजाना के कामों में सेफ्टी प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करने की आग्रह की। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण में से एक कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स द्वारा ऊंचाई पर कार्य थीम पर एक सुरक्षा नाटक प्रस्तुत किया गया।




## मारवाड़ी युवा मंच खरसिया की पुनर्गठन बैठक में पूर्व कमेटी पर ही जताया विश्वास

**खरसिया।** मारवाड़ी युवा मंचए शाखा खरसिया का पुनर्गठन दिनांक 09 मार्च को रामजानकी मंदिर में पूजाअर्चना के साथ संपन्न हुआ। विगत सत्र की सफलताओं और निष्ठापूर्ण सेवा को देखते हुए आगामी सत्र के लिए सर्वसम्मति से पुनः पुरानी कार्यकारिणी पर भरोसा जताया गया है।

अध्यक्ष शुभम गर्ग, सचिव शुभम अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल मारवाड़ी युवा मंच की इस बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने एक मत से निर्णय लेकर कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है कि विगत वर्ष में काम कर चुकी यह अनुभवी टीम शाखा को सेवा और संगठन के नए शिखर पर ले जाएगी, इसलिए अभी नए समिति गठन की कोई जरूरत महसूस नही हो रही हैं, पूर्व कमेटी के पदाधिकारियों और सदस्यों के पद पूर्वानुसार ही रखते हुए यही कमेटी को आगामी सत्र के लिए समाज सेवा की जिम्मेदारी सौंपी जाती है, वही मारवाड़ी युवा मंच के सदस्यों ने नगर की जनता के निरंतर सहयोग के लिए सभी का आभार भी व्यक्त किया।



## पुसौर के तेलीटार का जीर्णोद्धार हटाया जाएगा अवैध कब्जा

**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर के गायत्री मंदिर के आस पास रहे तेलीटार का इन दिनों जल संसाधन विभाग द्वारा जीर्णोद्धार किया जा रहा है। जिसमें उसके मेड को चौड़ा किया गया जा रहा है और उसमें लगे बड़े पत्थरों को निकाला जा रहा है। तेलीटार की साफ सफाई की जा रही हॅं। जानकार बताते हैं कि कि पूरा तेलीटार का जीर्णोद्धार नहीं बल्कि कायाकल्प होगा और टार के भूमि को चिन्हांकित करते हुए वहा रहे अवैध कब्जा को भी हटाया जाएगा। ज्ञात हो कि टार में पानी निकासी के लिए 3 गेट लगे थे जो खराब हो चुके है। इसे या तो नया लगाना पड़ेगा या फिर मरम्मत किया जाएगा। किसानों का कहना है कि गेट पूरा खराब हो चुका है और मरम्मत के लायक नहीं है।



## पुसौर के सरकारी अधिकारी हो गए कर्जदार, तीन करोड़ बिल है बकाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

पुसौर के सरकारी अधिकारी कर्जदार हो गए हैं। यहां विभिन्न विभागों का करीब तीन करोड बिजली बिल बकाया है। अब विभागों का बिजली काटने की तैयारी हो रही है। इसमें सबसे अधिक बिजली बिल बकाया पुसौर नगरपंचायत ढाई करोड़ से अधिक है। पुसौर क्षेत्र में संचालित जितने भी शासकीय कार्यालय संचालित हैं उसमें से सबसे ज्यादा बिजली बिल बकायादार की सूची में नगर पंचायत पुसौर को बिजली विभाग ने चिन्हांकित किया है इसके साथ ही अन्य शासकीय कार्यालयों में भी बिजली बिल बकाया है जिसमें बीआर सी कार्यालय दूसरे पायदान में हैं।

जानकारी के मुताविक सीएमओ नगर पंचायत पुसौर के नाम पर 2 करोड़ 67 लाख 98 हजार 876 रुपए, तहसील कार्यालय 1 लाख 41 ह हजार 900, बीआरसी कार्यालय 3 लाख 93 हजार 517, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र 6 लाख 50 हजार 67 रुपए, बीएमओ 65 हजार 62 रुपए, अधीक्षिक बालिका छात्रवास 56 हजार 82 रुपए, प्रिसिंपल हाई स्कूल 44 हजार 131 रुपए, शासकीय कन्या माध्यमिक शाला 37 हजार 528, प्राथमिक शाला 25 हजार 897 रुपए, शासकीय कन्या शासकीय हाई स्कूल 20 हजार 806 रूपए सहित अन्य शासकीय एवं निजी प्रतिष्ठानों के बिजली बिल बकाया है। शासकीय प्रतिष्ठान यदि बकाया बिल जमा नहीं करेंगे तो बिजली कट भी हो सकती है।




■ सबसे ज्यादा बकाया नगरपंचायत पुसौर का ढाई करोड़ से अधिक

# ओपी जिंदल स्कूल तराईमाल में किया गया हवन-पूजन

**रायगढ़।** जिंदल स्टील एंड पावर के चेयरमैन सांसद नवीन जिंदल के जन्मदिन पर ओपी जिंदल विद्यालय, तराईमाल में मनाया गया। इस विशेष अवसर पर नलवा स्टील एवं पावर प्लांट के प्रबंध निदेषक डा. एसएस राठी, प्लांट के वरिष्ठ अधिकारियों, विद्यालय की प्राचार्या, शिक्षकों और अन्य सदस्यों ने नलवा स्टील एवं पावर प्लांट में स्थित मंदिर परिसर में एकत्रित होकर नवीन जिंदल के स्वास्थ्य और दीर्घायु होने की कामना के साथ विषेष पूजा-अर्चना एवं हवन का आयोजन किया।

इस दौरान प्राचार्या, शिक्षकों और कर्मचारियों ने केक काटकर खुशियां साझा की और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती अलका गोडबोले ने कहा, नवीन जिंदल का जीवन हम सभी के लिए एक प्रेरणा है। उन्होंने उद्योग जगत के साथ-साथ शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में भी अद्वितीय योगदान दिया है। उनका विजन युवाओं को शिक्षित और सशक्त बनाना है। हम उनके इन्हीं आदर्शों को आत्मसात करते हुए समाज के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।




* **रायगढ़।** जिला प्रशासन द्वारा आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी निराकरण के लिए प्रशासन पहुंचेगा जनता के द्वार अभियान को गति दी जा रही है। इसी क्रम में आगामी 12 मार्च को लैलूंगा विकासखंड के तहसील मुख्यालय मुकडेगा और 13 मार्च को तहसील मुख्यालय तमनार में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा।




